पाँचवीं एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की जीत

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में **भारतीय पुरुष हॉकी टीम** ने फाइनल में **चीन को 1-0 से हराकर** चीन में आयोजित **5वीं एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में जीत** हासिल की।

- **भारत ने सबसे अधिक, 5 एशियाई पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीते हैं** जबकि **पाकिस्तान ने 3 जीते हैं**।
- भारत के **हरमनप्रीत सिंह 7 गोल के साथ एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे** हैं जो कोरिया के जिहुन यांग से पीछे हैं, जिन्होंने 8 गोल किये हैं।

एशियाई पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी:

- **एशियाई पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी एशियाई हॉकी महासंघ** द्वारा वर्ष 2011 से **प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली** एक प्रतियोगिता है जिसमें **भारत, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया** और **चीन** उद्घाटन टूर्नामेंट में भाग लेते हैं।
  - एशियाई **हॉकी महासंघ, एशिया में हॉकी का शासी निकाय** है।
  - इसके **33 सदस्य संघ हैं** और यह [अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH)] **से संबद्ध है।**
- **भारत ने वर्ष 2011 में पहला संस्करण** जीता था जब उसने फाइनल में पेनल्टी शूटआउट के साथ पाकिस्तान को हराया था।
- पाकिस्तान ने वर्ष 2012 में इसका अगला संस्करण जीता और टूर्नामेंट में भारत तथा पाकिस्तान के बीच मुकाबला चलता रहा लेकिन वर्ष **2021 में दक्षिण कोरिया ने खिताब जीतकर इस प्रवृत्ति को बदल दिया।**

अधिक पढ़ें: [हॉकी विश्व कप]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-win-5th-asian-champions-trophy